Prelims Test Series Programme (2011-12)

# TEST BOOKLET

# सामान्य अध्ययन ( भारतीय राजव्यवस्था )

# Test-5

**समय सीमा : 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 120**

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा हो, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक/नाम लिखना है।
3. इस परीक्षण पुस्तिका में 120 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगता हो। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
4. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए OMR उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं।
5. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं। **उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का 1/3 (0.33%) दंड के रूप में काटा जाएगा।**
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जांचा नहीं जाएगा।
7. विद्यार्थी द्वारा किसी प्रश्न का उत्तर न देने की स्थिति में कोई भी अंक काटा नहीं जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए, तब तक इसे न खोलें।**

ALS Alternative Learning Systems

IAS Study Circle interactions Shaping dreams into success
A Division of ALS

**निर्देश:** निम्नलिखित प्रश्नांशों में से प्रत्येक में दो वक्तव्य हैं, एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए:

**कूट**-

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

1. **कथन( A ):** भारतीय संविधान में कहीं भी 'संघ' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है।

   **कारण ( R ):** संविधान का अनुच्छेद-1 भारत को राज्यों का एक यूनियन बताता है।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. मूल रूप से अंगीकृत किए गए संविधान में 22 भाग, 395 अनुच्छेद तथा 12 अनुसूचियां थीं।
   2. मूल संविधान में मौलिक कर्तव्यों से संबंधित अध्याय नहीं था।

   **कूट**-
   a) केवल 1 b) केवल 2
   c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

3. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
   1. संविधान सभा का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से भारत के लोगों के द्वारा किया गया था।
   2. 9 दिसंबर 1946 को हुई संविधान सभा की प्रथम बैठक का मुस्लिम लीग के द्वारा बॉयकॉट किया गया था।
   3. बी.एन.राव को सभा का संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया था।
   4. 13 दिसंबर, 1946 को पंडित नेहरू ने प्रसिद्ध 'उद्देश्य प्रस्ताव' प्रस्तुत किया था।

   **कूट**-
   a) केवल 1 और 2 b) केवल 3 और 4
   c) केवल 2, 3 और 4 d) केवल 1

4. निम्नलिखित में से कौन प्रारूप समिति का सदस्य नहीं था?
   1. के. एम. मुंशी 2. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   3. एन. गोपालस्वामी आयंगर 4. सरदार पटेल

   **कूट**-
   a) केवल 1 और 3 b) केवल 2 और 4
   c) केवल 1, 2 और 3 d) केवल 3 और 4

5. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की विशेषताएं हैं?
   1. भारत का संविधान विश्व के सभी लिखित संविधानों में सबसे लंबा है।
   2. भारत के संविधान में अधिकतर प्रावधान अन्य देशों के संविधानों से लिए गए हैं।
   3. भारतीय संविधान कुछ हद तक कठोर है।
   4. संविधान अपनी प्रकृति में एकात्मक है।

   **कूट**-
   a) 3 और 4 b) 1 और 2
   c) 1, 2 और 4 d) उपरोक्त सभी

6. निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
   1. किसी देश का संविधान राजनीतिक प्रणाली की आधारभूत संरचना का निर्धारण करता है।
   2. भारत जैसे एक लोकतांत्रिक देश में, संप्रभुता संसद में निहित होती है।
   3. एक संघीय राजव्यवस्था में, संविधान राज्य के अंगों के बीच एक ओर तो संघीय स्तर पर तथा दूसरी ओर राज्य स्तर पर, शक्तियों का वितरण तथा उनका परिसीमन करता है।

   **कूट**-
   a) केवल 1 और 2 b) केवल 2 और 3
   c) केवल 1 और 3 d) उपरोक्त सभी

7. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
   1. मौलिक अधिकारों का उद्देश्य राजनीतिक लोकतंत्र के विचार को बढ़ावा देना है।
   2. इनकी प्रकृति न्याय योग्य है।
   3. मौलिक अधिकार परम हैं।

   **कूट**-
   a) केवल 1 और 2 b) केवल 1 और 3
   c) केवल 3 d) उपरोक्त सभी

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. भारतीय संविधान लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनावों का आधार सार्वभौम वयस्क मताधिकार को बनाता है।
   2. 1988 के 52वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा 1989 में मताधिकार की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया था।

   **कूट**-
   a) केवल 1 b) केवल 2
   c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

9. सुमेलित कीजिए-

| **सूची-I** (अनुच्छेद) | **सूची-II** (प्रावधान) |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 262 | 1. संसद की राज्य सूची के किसी विषय पर राष्ट्रीय हित में कानून बनाने की शक्ति |
| B. अनुच्छेद 263 | 2. विधि के प्राधिकार के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को संपत्ति से वंचित नहीं किया जायेगा |

C. अनुच्छेद-249 3. अंतर्राज्यीय नदियों या नदी घाटियों के जल से संबंधित विवादों का निपटारा

D. अनुच्छेद-300ए 4. एक अंतर्राज्यीय परिषद से संबंधित प्रावधान

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

10. सुमेलित कीजिए-

| **सूची-I** (स्रोत) | **सूची-II** (लिए गए प्रावधान) |
|---|---|
| A. आयरलैंड का संविधान | 1. समवर्ती सूची |
| B. कनाडा का संविधान | 2. संविधान में संशोधन की प्रक्रिया |
| C. ऑस्ट्रेलिया का संविधान | 3. राज्य के नीति निर्देशक तत्व |
| D. दक्षिण अफ्रीका का संविधान | 4. अवशिष्ट शक्तियों को केन्द्र में निहित करना |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
    1. भारतीय संविधान की प्रस्तावना पंडित नेहरू के द्वारा तैयार तथा प्रस्तुत की गई 'उद्देश्य प्रस्तावना' के प्रारूप पर आधारित है।
    2. इसे 44वें संविधान संशोधन अधिनियम (1978) के द्वारा संशोधित किया गया तथा इसमें तीन नए शब्द 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' तथा 'अखंडता' जोड़े गए।

**कूट-**

a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

12. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
    1. अनुच्छेद-1 भारत को राज्यों का संघ (Federation of States) बताता है।
    2. राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों के नाम तथा उनके क्षेत्रीय विस्तार का उल्लेख संविधान की प्रथम अनुसूची में किया गया है।
    3. भारतीय क्षेत्र किसी विदेशी राज्य को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता क्योंकि यह एक संप्रभु देश है।

**कूट-**

a) केवल 1 b) केवल 2
c) केवल 1 और 3 d) केवल 2 और 3

13. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
    1. जून, 1948 में भारत सरकार ने फजल अली की अध्यक्षता में भाषायी प्रांत आयोग की नियुक्ति की।
    2. दिसंबर, 1953 में एस.के.धर की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय राज्य पुनर्गठन आयोग की नियुक्ति की गई।
    3. मौलिक कर्तव्यों को स्वर्ण सिंह समिति की संस्तुति पर संविधान में जोड़ा गया था।
    4. वर्तमान में, मौलिक कर्तव्यों की संख्या दस है।

**कूट-**

a) 1 और 2 b) 3 और 4
c) केवल 3 d) 1, 2 और 3

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
    1. भारतीय संविधान में 'समाजवाद' शब्द का कहीं भी उल्लेख नहीं है।
    2. संविधान के द्वारा समाजवाद शब्द की व्याख्या नहीं की गई है।

**कूट-**

a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

15. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही नहीं हैं?
    1. मौलिक अधिकारों का उल्लेख संविधान के भाग-III में अनुच्छेद 14 से 36 तक है।
    2. मौलिक अधिकारों का उद्देश्य राजनीतिक लोकतंत्र के आदर्श को बढ़ावा देना है।
    3. उनमें से कुछ का चरित्र नकारात्मक है।
    4. ये अति पवित्र हैं।

**कूट-**

a) 1, 3 और 4 b) 2 और 3
c) 1 और 4 d) 1 और 3

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
    1. 42वें संशोधन अधिनियम के द्वारा संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया था।
    2. इसे संविधान के भाग-XII में अनुच्छेद-300ए के अंतर्गत एक कानूनी अधिकार बना दिया गया है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

17. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही नहीं हैं?
    1. अनुच्छेद-15 अस्पृश्यता का उन्मूलन करता है तथा किसी भी रूप में इसके व्यवहार का निषेध करता है।
    2. 1976 में, अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 को व्यापक रूप से संशोधित किया गया तथा इसका नागरिक अधिकार सुरक्षा अधिनियम, 1955 के रूप में पुनर्नामकरण किया गया।
    3. 'अस्पृश्यता' शब्द की न तो संविधान में और न ही अधिनियम में व्याख्या की गई है।
    4. अस्पृश्यता के अपराध के दोषी व्यक्ति को संसद में चुने जाने के अयोग्य ठहराया जाता है, परंतु राज्य विधानसभा के चुनावों के संदर्भ में ऐसा नहीं है।

    **कूट-**
    a) 2 और 3 b) 1, 3 और 4
    c) 1, 2 और 3 d) 1 और 4

18. सुमेलित कीजिए-

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. परमादेश | 1. इसे न्यायिक प्राधिकार के अतिक्रमण या न्यायिक प्राधिकार के अभाव या विधि की त्रुटि (error of law) के आधार पर जारी किया जाता है। |
| B. प्रतिषेध | 2. इसे एक उच्च न्यायालय के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय या न्यायाधिकरण को अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाने से रोकने के लिए जारी किया जाता है। |
| C. उत्प्रेषण | 3. इसे न्यायालय के द्वारा किसी सार्वजनिक अधिकारी को अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। |
| D. अधिकार पृच्छा | 4. इसे न्यायालय के द्वारा किसी व्यक्ति के किसी सार्वजनिक पद पर कार्य करने के दावे की वैधता की जांच करने के लिए जारी किया जाता है। |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
    1. भारतीय संविधान न्यायिक समीक्षा का सिद्धांत देता है।
    2. एक संविधान संशोधन को किसी मौलिक अधिकार के हनन के आधार पर चुनौती दी जा सकती है।

    **कूट-**
    a) केवल 1 b) केवल 2
    c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

20. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
    1. 1989 में, वी.पी. सिंह सरकार ने बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में दूसरे पिछड़े वर्ग आयोग की नियुक्ति की।
    2. ओ.बी.सी. में क्रीमी लेयर की पहचान के लिए रामनंदन समिति की नियुक्ति की गई।
    3. संसद के एक अधिनियम के द्वारा 1993 में पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किया गया।

    **कूट-**
    a) उपरोक्त सभी b) 2 और 3
    c) 1 और 3 d) 1 और 2

21. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
    1. संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों की संख्या छः है।
    2. अनुच्छेद-19 में सात अधिकार हैं।
    3. अनुच्छेद-19 में उल्लिखित अधिकारों के द्वारा केवल राज्य की कार्यवाही के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान की गई है, व्यक्तियों के विरुद्ध नहीं।

    **कूट-**
    a) केवल 1 b) केवल 2
    c) केवल 3 d) उपरोक्त सभी

22. अनुच्छेद-20 में निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान दिए गए हैं?
    1. भूतलक्षी प्रभावी विधायन नहीं
    2. द्वैध दण्डादेश नहीं
    3. अपने विरुद्ध साक्षी बनने का प्रतिषेध

    **कूट-**
    a) 1 और 2 b) 2 और 3
    c) उपरोक्त में से कोई नहीं d) उपरोक्त सभी

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
    1. अनुच्छेद-20ए यह घोषणा करता है कि राज्य अपने द्वारा निर्धारित प्रक्रिया से छः से चौदह वर्ष की आयु के बीच के बच्चों के लिए निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा।
    2. शिक्षा के अधिकार को 2002 के 86वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा जोड़ा गया था।

    **कूट-**
    a) केवल 1 b) केवल 2
    c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

24. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं?
    1. सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त अन्य कोई भी न्यायालय रिट जारी नहीं कर सकता है।
    2. इन रिटों को यू.एस. के कानून से लिया गया है।

3. अनुच्छेद-32 के अंतर्गत दिए गए उपाय विवेकाधीन नहीं हैं जबकि अनुच्छेद-226 के अंतर्गत यह विवेकाधीन हैं।
4. सर्वोच्च न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के हनन के लिए रिट जारी कर सकता है, अन्य अधिकारों के लिए नहीं।

**कूट-**

a) 1, 2 और 3 b) 1, 2 और 4
c) केवल 2 d) 3 और 4

25. संविधान में निम्नलिखित तरीकों से संशोधन किया जा सकता है-
1. संसद के साधारण बहुमत के द्वारा संशोधन
2. संसद के विशेष बहुमत के द्वारा संशोधन
3. संसद के विशेष बहुमत के द्वारा संशोधन तथा आधी राज्य विधानसभाओं का अनुसमर्थन।

निम्नलिखित में से कौन अनुच्छेद-368 के क्षेत्र से बाहर है?

a) केवल 2 और 3
b) केवल 1 और 3
c) केवल 1
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. सुमेलित कीजिए-

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद-16 | 1. 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नियोजन पर रोक |
| B. अनुच्छेद-18 | 2. मानव के दुर्व्यापार तथा बलात् श्रम के ऐसे ही रूपों का प्रतिषेध |
| C. अनुच्छेद-23 | 3. कोई भी नागरिक या विदेशी, राज्य के अधीन लाभ या विश्वास के किसी पद को धारण करते हुए राष्ट्रपति की सहमति के बिना कोई उपाधि स्वीकार नहीं करेगा |
| D. अनुच्छेद-24 | 4. राज्य के अधीन किसी नियोजन या पद के संबंध में सभी नागरिकों को अवसर की समता प्रदान करता है। |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. संविधान संसद को राज्य सूची में दिए गए किसी भी विषय पर कानून बनाने की शक्ति देता है, यदि राज्यसभा इस आशय का एक प्रस्ताव पारित कर दे।
2. कोई एक राज्य संसद को राज्य सूची के किसी विषय पर कानून बनाने के लिए अनुरोध नहीं कर सकता है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. संसद को संघ सूची में उल्लिखित किसी भी विषय पर कानून बनाने की शक्ति प्राप्त है। परंतु, यह शक्ति अनन्य नहीं है।
2. अवशिष्ट विषयों पर कानून बनाने की शक्ति संसद में निहित है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

29. निम्नलिखित में से कौन अंतर्राज्यीय परिषद् के सदस्य होते हैं?
1. प्रधानमंत्री
2. विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री
3. राज्यपाल
4. छः कैबिनेट मंत्री

**कूट-**

a) 1, 2 और 3
b) 2, 3 और 4
c) 1, 2 और 4
d) उपरोक्त सभी

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. अंतर्राज्यीय परिषद, राज्य-राज्य, केन्द्र-राज्य तथा केन्द्र-संघ शासित क्षेत्रों के संबंधों से जुड़े जुए मुद्दों पर एक अनुशंसात्मक निकाय है।
2. क्षेत्रीय परिषदें 1956 में सृजित संवैधानिक निकाय हैं।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

31. निम्नलिखित में से कौन-से कथन गलत हैं?
1. राष्ट्रीय आपात् की घोषणा का, इसके जारी होने की तिथि के दो महीनों के अंदर संसद के दोनों सदनों के द्वारा, अनुमोदन हो जाना चाहिए।
2. यदि संसद के दोनों सदनों के द्वारा इसका अनुमोदन हो जाता है तो, आपात्काल एक वर्ष तक चल सकता है।
3. आपात्काल की घोषणा को राष्ट्रपति के द्वारा किसी भी समय रद्द किया जा सकता है, पर ऐसा छः महीनों के बाद ही हो सकता है।

4. राष्ट्रीय आपात्काल के दौरान राज्य सूची के विषयों पर संसद द्वारा बनाए गए कानून आपात्काल के समाप्त होने के एक वर्ष बाद निष्क्रिय हो जाते हैं।

**कूट-**

a) 1 और 2
b) 3 और 4
c) उपरोक्त में से कोई नहीं
d) उपरोक्त सभी

32. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
a) राष्ट्रीय आपात्काल की घोषणा को किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
b) राष्ट्रीय आपात्काल की घोषणा का अनुमोदन करने वाला प्रत्येक प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों के द्वारा विशेष बहुमत से पारित किया जाना चाहिए।
c) राष्ट्रीय आपात्काल के दौरान, संसद को राज्य सूची के किसी भी विषय पर कानून बनाने का अधिकार प्राप्त हो जाता है।
d) राष्ट्रीय आपात्काल की घोषणा के जारी रहते हुए, राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकता है।

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. संसद के अनुमोदन के बिना राष्ट्रीय आपात्काल को रद्द नहीं किया जा सकता है।
2. राष्ट्रीय आपात्काल के जारी रहने की स्थिति में, राज्यसभा के कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

34. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. राष्ट्रपति शासन की घोषणा को घोषणा के दिन से दो महीनों के भीतर संसद के दोनों सदनों की स्वीकृति मिलनी चाहिए।
2. यदि संसद के दोनों सदनों की स्वीकृति मिल जाती है तो राष्ट्रपति शासन 6 महीनों तक लागू रह सकता है।
3. इसे अधिकतम 5 वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है, परंतु प्रत्येक 6 महीनों पर संसद की स्वीकृति आवश्यक है।
4. राष्ट्रपति शासन की घोषणा की स्वीकृति या इसके जारी रहने से संबंधित प्रत्येक प्रस्ताव को संसद के किसी भी सदन के द्वारा साधारण बहुमत से पारित किया जा सकता है।

**कूट-**

a) 1, 2 और 3
b) 2, 3 और 4
c) 1, 2 और 4
d) उपरोक्त सभी

35. राष्ट्रपति शासन से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
1. राष्ट्रपति शासन की घोषणा को राष्ट्रपति के द्वारा एक अनुवर्ती घोषणा के द्वारा किसी भी समय रद्द किया जा सकता है।
2. ऐसी घोषणा के लिए संसदीय स्वीकृति आवश्यक है।
3. राष्ट्रपति शासन के दौरान, राष्ट्रपति यह घोषणा कर सकता है कि राज्य विधायिका की समस्त शक्तियां संसद के द्वारा संचालित की जाएंगी।
4. संसद या किसी विशेष प्राधिकरण के द्वारा बनाया गया कोई भी कानून राष्ट्रपति शासन के बाद भी लागू रहता है।

**कूट-**

a) केवल 4
b) केवल 3
c) 1, 3 और 4
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

36. राष्ट्रीय आपात्काल तथा राष्ट्रपति शासन के बीच अंतर से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन गलत है?
1. दोनों के लागू रहने की कोई अधिकतम सीमा नहीं है।
2. उनकी घोषणा को स्वीकृति देने वाले संसद के प्रत्येक प्रस्ताव को विशेष बहुमत से पारित होना चाहिए।
3. लोकसभा उनको रद्द करने के लिए एक प्रस्ताव पारित कर सकती है।

**कूट-**

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) उपरोक्त सभी
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम के द्वारा मूल वाक्यांश 'आंतरिक अशांति' के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' को शामिल किया गया था।
2. अभी तक वित्तीय आपात्काल की घोषणा नहीं की गई है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. भारतीय संघ में जम्मू-कश्मीर ऐसा एकमात्र राज्य है जिसका अपना अलग संविधान है।
2. इसमें फारसी को राज्य की आधिकारिक भाषा बनाया गया है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. संविधान के भाग-V में अनुच्छेद-52 से 78 संघीय कार्यपालिका से संबंधित है।
2. संघीय कार्यपालिका में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रिपरिषद तथा नियंत्रक व महालेखा परीक्षक शामिल होते हैं।

**कूट-**
a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

40. राष्ट्रपति का चुनाव लोगों के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से न होकर एक निर्वाचक मंडल के सदस्यों के द्वारा होता है, जिसमें शामिल होते हैं-
1. संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्या।
2. विधानसभाओं तथा राज्य विधान परिषदों के निर्वाचित सदस्य।
3. दिल्ली तथा पांडिचेरी के संघ शासित क्षेत्रों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य।

उपरोक्त में से कौन सही नहीं है?
a) केवल 3 b) केवल 2
c) 1 और 2 d) 2 और 3

41. भारत का राष्ट्रपति बनने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त नहीं होती है?
1. उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. उसकी आयु 25 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
3. उसमें राज्यसभा का सदस्य चुने जाने की योग्यता होनी चाहिए।
4. उसे केन्द्र सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन किसी लाभ के पद पर नहीं होना चाहिए।

**कूट-**
a) 1, 3 और 4
b) 1, 2 और 4
c) उपरोक्त सभी
d) 2 और 3

42. भारत के मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति में राष्ट्रपति को पद की शपथ कौन ग्रहण कराता है?
a) उपराष्ट्रपति
b) दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
c) लोकसभा अध्यक्ष
d) सर्वोच्च न्यायालय में उपलब्ध वरिष्ठतम न्यायाधीश

43. भारत के राष्ट्रपति से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही नहीं हैं?
1. राष्ट्रपति को अपने आधिकारिक कार्यों के लिए कानूनी उत्तरदायित्व से व्यक्तिगत निर्मुक्ति प्राप्त होती है। अपने कार्यकाल के दौरान, वह अपने व्यक्तिगत कार्यों के लिए भी किसी वैधानिक कार्यवाही से निर्मुक्त होता है।
2. उसके कार्यकाल के दौरान दो महीनों की नोटिस देने के बाद, उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है।
3. राष्ट्रपति पांच वर्षों की अपनी पदावधि के बाद भी तब तक अपने पद पर बना रह सकता है जब तक कि उसका उत्तराधिकारी पदभार ग्रहण न कर ले।
4. भारत का राष्ट्रपति पुनर्निर्वाचन का अधिकारी नहीं होता।

**कूट-**
a) 1, 2 और 3 b) 2, 3 और 4
c) 1, 2 और 4 d) उपरोक्त सभी

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. यदि राष्ट्रपति का पद उसके त्यागपत्र, महाभियोग, मृत्यु या किन्हीं अन्य कारणों से रिक्त होता है, तो नए राष्ट्रपति के पद धारण करने की अवधि तक भारत का मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है।
2. यदि त्यागपत्र, महाभियोग, मृत्यु या किसी अन्य कारण से राष्ट्रपति का पद रिक्त हो जाता है, तो उसे भरने के लिए पद रिक्त होने के दिन से 6 महीने के अंदर निर्वाचन होना चाहिए।

**कूट-**
a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

45. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति की कार्यपालिका शक्तियों की श्रेणी में नहीं आते हैं?
a) वह प्रधानमंत्री तथा अन्य मंत्रियों को नियुक्त करता है। मंत्री राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद ग्रहण किए रहते हैं।
b) वह भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति करता है तथा उसका वेतन निर्धारित करता है।
c) जब संसद का सत्र नहीं चल रहा हो, तब राष्ट्रपति अध्यादेशों को जारी कर सकता है।
d) वह भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करता है।

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1.संसद का सत्र नहीं चलने की स्थिति में राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकता है। 6 महीने के भीतर संसद की पुन: बैठक होने पर इन अध्यादेशों को संसद की सहमति मिलनी आवश्यक है।
2. साहित्य, विज्ञान, कला तथा समाजसेवा के क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों में से वह लोकसभा के लिए 12 सदस्यों को मनोनीत करता है।

**कूट-**
a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

47. निम्नलिखित में से कौन-से कथन नहीं हैं?
   1. उपराष्ट्रपति का निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होता है।
   2. उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए बनने वाले निर्वाचक मंडल में संसद के निर्वाचित तथा मनोनीत दोनों ही सदस्य शामिल होते हैं।
   3. इस निर्वाचक मंडल में राज्य विधानसभाओं के सदस्य शामिल नहीं होते।

   **कूट-**
   a) केवल 1 और 2
   b) केवल 2 और 3
   c) उपरोक्त में से कोई नहीं
   d) उपरोक्त सभी

48. भारत का उपराष्ट्रपति बनने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त नहीं है?
   1. वह 30 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।
   2. वह लोकसभा का सदस्य बनने के योग्य हो।
   3. उसे केन्द्र सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन किसी लाभ के पद पर नहीं होना चाहिए।

   **कूट-**
   a) केवल 1 b) केवल 2
   c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   1. उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के संबंध में उठने वाले सभी विवादों व शंकाओं का समाधान सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा।
   2. उपराष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के निर्वाचन को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि निर्वाचक मंडल के सदस्यों में किसी कारण से रिक्ति हुई है।

   **कूट-**
   a) केवल 1
   b) केवल 2
   c) 1 और 2 दोनों
   d) न तो 1 न ही 2

50. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 15% से अधिक नहीं होनी चाहिए।
   2. संसद के किसी भी सदन के सदस्य को, जो किसी भी राजनीतिक दल का हो, यदि दल-बदल के आधार पर अयोग्य ठहराया गया है तो वह मंत्री के रूप में नियुक्ति हेतु अयोग्य हो जाता है।
   3. उपरोक्त दोनों प्रावधानों को 2001 के 90वां संशोधन अधिनियम के द्वारा जोड़ा गया था।

   **कूट-**
   a) केवल 1 और 2
   b) केवल 2 और 3
   c) केवल 1 और 3
   d) उपरोक्त सभी

51. मंत्रिपरिषद तथा कैबिनेट के बीच अंतर से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन गलत है?
   a) मंत्रिपरिषद एक बड़ा निकाय होता है जिसमें 60 से 70 मंत्री होते हैं जबकि कैबिनेट एक छोटा निकाय होता है।
   b) सरकारी कामकाज निपटाने के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक एक समूह की तरह नहीं होती। कैबिनेट की सामूहिक बैठक प्राय: ही तथा सामान्यत: सप्ताह में एक बार विचार-विमर्श करने तथा निर्णय लेने के लिए होती है।
   c) मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से संसद के निचले सदन के प्रति उत्तरदायी होता है जबकि कैबिनेट संसद के निचले सदन के प्रति मंत्रिपरिषद के सामूहिक उत्तरदायित्व को लागू करता है।
   d) दोनों ही निकायों का उल्लेख मूल संविधान में है।

52. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
   1. संविधान के भाग-V में अनु. 79 से 122 तक संसद के संगठन, संघटन, अवधि, शक्तियों, विशेषाधिकारों तथा कई अन्य बातों से संबंधित प्रावधान हैं।
   2. संसदीय प्रणाली की सरकार विधायिका तथा कार्यपालिका के अंगों के बीच परस्पर निर्भरता पर बल देती है।
   3. राज्यसभा की अधिकतम सदस्य संख्या 250 निर्धारित की गई है। वर्तमान में, राज्यसभा में 245 सदस्य हैं।
   4. संविधान की चौथी अनुसूची राज्यसभा में सीटों के आवंटन से संबंधित है।

   **कूट-**
   a) 1, 2 और 3 b) 2, 3 और 4
   c) उपरोक्त सभी d) उपरोक्त में से कोई नहीं

53. निम्नलिखित में से कौन दल-बदल के लिए एक आधार नहीं बनता है?
   a) यदि कोई संसद सदस्य स्वेच्छा से उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है जिसके टिकट पर वह सदन में चुन कर आया है।
   b) यदि वह सदन में अपने राजनीतिक दल के द्वारा दिए गए किसी निर्देश के विपरीत मत देता है या मतदान की प्रक्रिया से अलग रहता है।
   c) यदि एक सदन का वर्तमान सदस्य दूसरे सदन के लिए भी चुना जाता है।
   d) यदि कोई स्वतंत्र चुना गया सदस्य बाद में किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है।

54. नीचे दिए गए चार जोड़ों में से कौन-सा एक जोड़ा ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सही संयोजन है जो राजदूत तथा उच्चायुक्त जैसे उच्च राजनयिक पदों पर रहने के बाद उपराष्ट्रपति बने?
   a) डॉ. एस. राधाकृष्णन तथा जी.एस. पाठक
   b) डॉ. एस. राधाकृष्णन तथा वी.वी. गिरि
   c) डॉ. जाकिर हुसैन तथा के.आर. नारायणन
   d) बी.डी. जत्ती तथा के.आर. नारायणन

55. लोकसभा अध्यक्ष के पद से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?
   a) वह अपने पद पर राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त बना रहता है।
   b) अपने चुने जाने के समय उसका सदन का सदस्य होना आवश्यक नहीं है परंतु चुने जाने के दिन से छः महीनों के अंदर उसका सदन का सदस्य बनना आवश्यक है।
   c) यदि सदन को उसके सामान्य कार्यकाल से पहले ही भंग कर दिया जाता है तो वह भी अपना पद खो देता है।
   d) यदि वह अपने पद से त्यागपत्र देना चाहता है तो उसका त्यागपत्र उपाध्यक्ष को संबोधित होता है।

56. निम्नलिखित में से कौन पहले किसी राज्य का मुख्यमंत्री बने बिना ही भारत का प्रधानमंत्री बना?
   1. मोरारजी देसाई
   2. चरण सिंह
   3. वी.पी. सिंह
   4. चन्द्रशेखर
   5. पी.वी. नरसिंह राव

   दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए-

   **कूट-**
   a) 1, 2 और 4    b) 2, 3 और 5
   c) केवल 2    d) केवल 4

57. निम्नलिखित में से किससे यह निर्धारित होता है कि भारत का संविधान संघीय है?
   a) एक लिखित तथा कठोर संविधान
   b) एक स्वतंत्र न्यायपालिका
   c) अवशिष्ट शक्तियों का केन्द्र में निहित होना
   d) केन्द्र तथा राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन

58. निम्नलिखित में से किनकी नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है?
   1. वित्त आयोग का अध्यक्ष
   2. योजना आयोग का उपाध्यक्ष
   3. एक संघ शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री

   दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए-

   **कूट-**
   a) केवल 1    b) केवल 1 और 2
   c) केवल 1 और 3    d) केवल 2 और 3

59. भारत के राज्यों के बीच सहयोग तथा समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन गैर-संवैधानिक तथा गैर-वैधिक उपकरण है/हैं?
   1. राष्ट्रीय विकास परिषद
   2. राज्यपालों का सम्मेलन
   3. क्षेत्रीय परिषदें
   4. अंतर्राज्यीय परिषद

   दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए

   **कूट-**
   a) 1 और 2    b) 1, 3 और 4
   c) 3 और 4    d) केवल 4

60. निम्नलिखित में से किसे लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों के चुनावों में मत देने का अधिकार है?
   a) संसद के निम्न सदन के निर्वाचित सदस्य
   b) संसद के उच्च सदन के निर्वाचित सदन
   c) राज्य विधायिका के उच्च सदन के निर्वाचित सदस्य
   d) राज्य विधायिका के निम्न सदन के निर्वाचित सदस्य

61. निम्नलिखित में से कौन "पंचशील" का एक सिद्धांत नहीं है?
   a) गुटनिरपेक्षता
   b) शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व
   c) एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुता के लिए पारस्परिक सम्मान
   d) एक दूसरे के आंतरिक मामलों में पारस्परिक अहस्तक्षेप

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

   भारत के संविधान में संशोधन के लिए पहल की जा सकती है-
   1. लोकसभा के द्वारा
   2. राज्यसभा के द्वारा
   3. राज्य विधायिकाओं के द्वारा
   4. राष्ट्रपति के द्वारा

   दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए-

   **कूट-**
   a) केवल 1    b) 1, 2 और 3
   c) 2, 3 और 4    d) 1 और 2

63. लोकसभा अध्यक्ष सदन के किसी सदस्य को बोलने से रोक सकता है तथा दूसरे सदस्य को बोलने की अनुमति दे सकता है। इस प्रक्रिया को कहा जाता है-
   a) डेकोरम
   b) क्रॉसिंग द फ्लोर
   c) प्रश्न पूछना
   d) यील्डिंग द फ्लोर

64. 10वीं अनुसूची के प्रावधानों के अंतर्गत दल-बदल के आधार पर उत्पन्न लोकसभा के किसी सदस्य की अपात्रता के प्रश्न पर कौन निर्णय लेता है?

a) मुख्य चुनाव आयुक्त
b) राष्ट्रपति
c) भारत के मुख्य न्यायाधीश
d) लोकसभा अध्यक्ष

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. लोकसभा के अध्यक्ष को लोकसभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा अपने पद से हटाया जा सकता है, किंतु इस प्रयोजन के लिए कोई संकल्प तब तक प्रस्तावित नहीं किया जा सकता, जब तक कि उस संकल्प को प्रस्तावित करने के आशय की सूचना कम से कम 14 दिन पूर्व न दे दी गई हो।
2. जब लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने का प्रस्ताव सदन में विचाराधीन हो, तब वह सदन में उपस्थित नहीं रह सकता है।

**कूट-**
a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

66. लोकसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में सदन की कार्यवाही कौन चलाता है?
a) राष्ट्रपति
b) उपराष्ट्रपति
c) (a) या (b) में से कोई भी
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. किसी भी अवधि के दौरान, जब उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है या राष्ट्रपति के कर्तव्यों का निर्वहन करता है, तब वह राज्यसभा के सभापति के रूप में कार्य नहीं करता है।
2. यद्यपि सभापति सदन का सदस्य नहीं होता, परंतु मत बराबर होने की स्थिति में वह मत दे सकता है।

**कूट-**
a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. 'ह्विप' के पद का उल्लेख न तो भारत के संविधान में, न सदन की नियमावली में और न ही संसदीय संविधि में है।
2. शासक तथा विपक्षी दल के अतिरिक्त, संसद में किसी भी अन्य दल में 'ह्विप' का पद नहीं है।

**कूट-**
a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

69. निम्नलिखित में से कौन से कथन सही नहीं है?
1. स्थगन केवल एक बैठक को समाप्त करता है सदन के अधिवेशन को नहीं जबकि सत्रावसान न केवल बैठक को समाप्त करता है बल्कि सदन के अधिवेशन को भी समाप्त कर देता है।
2. स्थगन सदन के पीठासीन अधिकारी के द्वारा तथा सत्रावसान भारत के राष्ट्रपति के द्वारा किया जाता है।
3. केवल लोकसभा को भंग किया जा सकता है।
4. कोरम सदस्यों की वह न्यूनतम संख्या है जिसका सदन की कार्यवाही चलाने के लिए उपस्थित होना आवश्यक है।

**कूट-**
a) केवल 1 और 2 b) केवल 3 और 4
c) उपरोक्त सभी d) उपरोक्त में से कोई नहीं

70. निम्नलिखित में से किस प्रस्ताव को संसद में लाए जाने के लिए 50 सदस्यों का समर्थन आवश्यक होता है (किसी भी सदन में)?
1. समापन प्रस्ताव 2. स्थगन प्रस्ताव
3. अविश्वास प्रस्ताव 4. निन्दा प्रस्ताव

**कूट-**
a) 1 और 2 b) 2 और 3
c) 3 और 4 d) 1 और 4

71. ऐसे प्रस्ताव को क्या कहा जाता है जिसे किसी सदस्य के द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत विषय पर हो रही बहस को समाप्त करने के लिए लाया जाता है?
a) निन्दा b) नो-डे-येट-नेम्ड मोशन
c) निन्दा प्रस्ताव d) समापन प्रस्ताव

72. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. संविधान में, संसद में धन विधेयकों को पारित करने के लिए एक विशेष प्रक्रिया बताई गई है।
2. एक धन विधेयक को केवल लोकसभा में प्रस्तावित किया जा सकता है और वह भी राष्ट्रपति की पूर्वानुमति के बाद।
3. यदि किसी विधेयक के धन विधेयक होने या न होने पर संशय उत्पन्न होता है तो ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति का निर्णय अंतिम होता है।

**कूट-**
a) 1 और 3 b) 1 और 2
c) उपरोक्त सभी d) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. संविधान में, संविधान संशोधन विधेयकों के लिए संयुक्त अधिवेशन का प्रावधान दिया गया है।
2. एक धन विधेयक के संबंध में, राज्यसभा की शक्तियां लोकसभा के समान ही हैं।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. लोकसभा अध्यक्ष दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता करता है तथा उसकी अनुपस्थिति में यह कार्य लोकसभा का उपाध्यक्ष करता है। यदि संयुक्त अधिवेशन से उपाध्यक्ष भी अनुपस्थित हो, तो यह कार्य राज्यसभा का सभापति करता है।
2. संयुक्त अधिवेशन के लिए कोरम दोनों सदनों के कुल सदस्यों का 1/15 है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

75. निम्नलिखित में से किस अनुदान को संसद में प्रस्तुत होने से पहले लोक लेखा समिति का अनुमोदन मिलना आवश्यक होता है?

a) पूरक अनुदान
b) अतिरिक्त अनुदान
c) अधिशेष अनुदान
d) वोट ऑफ क्रेडिट

76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. संसद अपनी वित्तीय समितियों की सहायता से सरकारी व्ययों तथा वित्तीय प्रदर्शन की जांच करती है।
2. बजट वार्षिकता के सिद्धांत पर आधारित होता है, अर्थात् संसद सरकार को एक वित्तीय वर्ष के लिए धन प्रदान करती है। यदि प्रदत्त धन वित्तीय वर्ष के अंत तक व्यय नहीं होता है, तो शेष राशि समाप्त होकर भारत के लोक लेखा में वापस चली जाती है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

77. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. संसदीय विशेषाधिकार संसद के दोनों सदनों, उनकी समितियों तथा उनके सदस्यों को प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियां तथा छूट हैं।
2. संविधान ने संसदीय विशेषाधिकारों की परिधि में उन व्यक्तियों को भी लिया है जो संसद के किसी सदन या इसकी किसी समिति की कार्यवाहियों में भाग लेने का तथा बोलने का अधिकारी हो।
3. ये विशेषाधिकार भारत के राष्ट्रपति को भी प्राप्त हैं, जो संसद का एक अभिन्न अंग है।

**कूट-**

a) 1 और 3
b) 1 और 2
c) 2 और 3
d) उपरोक्त सभी

78. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. लोकसभा में सीटों के संदर्भ में मध्य प्रदेश का दूसरा स्थान है।
2. आंध्र प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल के पास लोकसभा में सीटों की संख्या समान है।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

79. वरीयता क्रम केन्द्र तथा राज्य सरकारों के अधिकारियों के रैंक तथा क्रम से संबंधित होता है। निम्नलिखित को उनके वरीयता क्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए-
1. प्रधानमंत्री
2. पूर्व राष्ट्रपति
3. केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री
4. भारत के मुख्य न्यायाधीश

**कूट-**

a) 2, 1, 4, 3
b) 1, 2, 3, 4
c) 1, 2, 4, 3
d) 2, 1, 3, 4

80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. भारत का मुख्य न्यायाधीश छः वर्षों तक या 65 वर्ष की आयु तक अपने पद पर रहता है।
2. सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश भारत के मुख्य न्यायाधीश को त्यागपत्र भेजकर अपना पद छोड़ सकता है।
3. उसे संसद की सिफारिश पर राष्ट्रपति के द्वारा अपने पद से हटाया जा सकता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं-

a) केवल 1
b) केवल 2
c) केवल 1 और 3
d) उपरोक्त सभी

81. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन, भत्तों, विशेषाधिकारों, अवकाश तथा पेंशन का निर्धारण समय-समय पर संसद के द्वारा किया जाता है।
2. इनमें किसी भी परिस्थिति में उनकी नियुक्ति के बाद कटौती नहीं की जा सकती।

**कूट-**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 न ही 2

82. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
   1. न्यायिक समीक्षा सर्वोच्च न्यायालय की केवल केन्द्र सरकार के वैधानिक अधिनियमन तथा कार्यपालिका आदेशों की संवैधानिकता का परीक्षण करने की शक्ति है।
   2. राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के चुनावों से संबंधित विवादों पर निर्णय देने की सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति, उच्च न्यायालय की समवर्ती है।
   3. अनुच्छेद-143 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय का सलाहकारी क्षेत्राधिकार राष्ट्रपति पर बाध्यकारी है।

   **कूट-**
   a) 2 और 3 b) केवल 3
   c) 1 और 3 d) उपरोक्त सभी

83. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव नोटिस के संबंध में सही कथन है-
   1. यह सार्वजनिक महत्व के किसी अत्यावश्यक विषय पर किसी मंत्री का ध्यान आकर्षित करने का एक उपकरण है।
   2. इसका मुख्य उद्देश्य मंत्री से एक आधिकारिक बयान प्राप्त करना है।
   3. इसमें सरकार के विरुद्ध कोई निन्दा शामिल नहीं होती है।
   4. 1952 से अब तक संसदीय प्रक्रिया में यह एक भारतीय नवाचार है।
   5. इसका उल्लेख कार्य तथा प्रक्रिया नियमावली में नहीं किया गया है।

   **कूट-**
   a) 1, 2, 3 और 4 b) 4 और 5
   c) 1, 2, 3 और 5 d) 1, 2 और 3

84. **कथन( A ):** भारत में सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों का रिट क्षेत्राधिकार समान है।
   **कथन( R ):** सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय दोनों ही बन्दी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, उत्प्रेषण तथा अधिकार पृच्छा के रिट जारी कर सकते हैं।

85. सुमेलित कीजिए-

| **सूची-I** (पारिभाषिक शब्द) | **सूची-II** (व्याख्या करने वाले अनुच्छेद) |
|---|---|
| A. भारत की संचित निधि | 1. अनुच्छेद-110 |
| B. धन विधेयक | 2. अनुच्छेद-267 |
| C. वार्षिक वित्तीय विवरण | 3. अनुच्छेद-266 |
| D. भारत की आकस्मिकता निधि | 4. अनुच्छेद-265 |
| | 5. अनुच्छेद-112 |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| a) | 4 | 1 | 5 | 3 |
| b) | 2 | 1 | 5 | 4 |
| c) | 4 | 1 | 5 | 2 |
| d) | 3 | 1 | 5 | 2 |

86. **कथन( A ):** बजट, भारत की संचित निधि पर 'भारित' व्यय तथा भारत की संचित निधि से 'किए' गए व्यय के बीच अंतर करता है।
   **कथन( R ):** भारत की संचित निधि पर 'भारित' व्यय पर संसद में मतदान नहीं हो सकता।

87. राष्ट्रीय विकास परिषद में शामिल होते हैं-
   a) प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा योजना आयोग के सदस्य
   b) प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री तथा योजना आयोग के सदस्य
   c) प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, चुनिंदा केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री, संघ शासित प्रदेशों के प्रशासक तथा योजना आयोग के सदस्य
   d) प्रधानमंत्री, सभी केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, संघ शासित प्रदेशों के प्रशासक तथा योजना आयोग के सदस्य

88. 1935 ई. के भारत सरकार अधिनियम की विशेषताएं थीं-
   1. अखिल भारतीय संघ
   2. प्रांतीय स्वायत्तता
   3. केन्द्र में द्वैध शासन
   4. राज्यों में द्वैध शासन की समाप्ति

   **कूट-**
   a) 1 और 2
   b) 1, 2 और 3
   c) 2, 3 और 4
   d) 1, 2, 3 और 4

89. प्रस्तावना से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
   a) यह न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं है
   b) सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में यह निर्णय दिया है कि यह संविधान का एक भाग नहीं है
   c) इसमें दो बार संशोधन हुआ है
   d) उपरोक्त सभी सही हैं

90. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. भारतीय संघ की इकाइयों के क्षेत्र को संसद के द्वारा साधारण बहुमत से परिवर्तित किया जा सकता है।
   2. किसी राज्य के क्षेत्र के पुनर्वितरण से पहले उस राज्य की विधायिका की सहमति आवश्यक है।
   3. किसी राज्य के क्षेत्र के पुनर्वितरण से संबंधित विधेयक को संसद में प्रस्तावित करने के लिए राष्ट्रपति की पूर्वानुमति आवश्यक है।
   4. किसी राज्य के नाम परिवर्तन से संबंधित विधेयक को पूर्वानुमति देने से पहले राष्ट्रपति को राज्य का मत प्राप्त हो जाना चाहिए।

**कूट-**
a) केवल 1 b) 1 और 2
c) 1, 3 और 4 d) 1 और 3

91. भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार मुख्य रूप से जिसकी शक्तियों पर नियंत्रण का कार्य करते हैं, वह है-
1. कार्यपालिका
2. विधायिका
3. व्यक्ति
**कूट-**
a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 d) 1, 2 और 3

92. नागरिक मौलिक अधिकारों की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं?
a) सर्वोच्च न्यायालय की शरण लेकर जो संबंधित प्राधिकारी के विरुद्ध उचित रिट जारी करेगी।
b) सर्वोच्च न्यायालय संसद को इन्हें लागू करने का निर्देश देगा
c) कार्यपालिका न्यायालयों को सूचित करेगी
d) यह स्वत: ही संरक्षित है

93. संविधान में वाक् तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को जिन आधारों पर सीमित किया गया है, वे हैं-
1. मानहानि
2. न्यायालय की अवमानना
3. किसी अनुसूचित जनजाति की सुरक्षा
4. विदेशी राज्यों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध
**कूट-**
a) 1, 2 और 3 b) 1, 2, 3 और 4
c) 1 और 4 d) 1, 2 और 4

94. निम्नलिखित में से कौन समानता के अधिकार के अंतर्गत आता है?
1. धर्म या प्रजाति के आधार पर राज्य द्वारा भेदभाव न किया जाना
2. विधि द्वारा समान सुरक्षा
3. समान कार्य के लिए समान वेतन
4. लोक नियोजन के मामलों में अवसर की समानता
**कूट-**
a) 1, 2, 3 और 4 b) 1, 3 और 4
c) 1 और 4 d) 1, 2 और 4

95. निम्नलिखित में से कौन भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर उचित प्रतिबंध लगा सकता है?
a) सर्वोच्च न्यायालय b) संसद
c) मंत्रिपरिषद् की सलाह पर राष्ट्रपति
d) इनमें से कोई नहीं, संविधान में पहले से ही प्रतिबंधों को शामिल किया गया है

96. क्या संसद संविधान में दिए गए किसी भी मौलिक अधिकार को संशोधित या परिवर्तित कर सकती है?
a) संसद ऐसा केवल जनमत संग्रह के बाद ही कर सकती है।
b) संसद उन्हें राष्ट्रपति की सिफारिश के साथ, विशेष बहुमत से संशोधित कर सकती है।
c) संसद उनमें से किसी को भी संशोधित नहीं कर सकती है।
d) संसद उन्हें संशोधित कर सकती है पर यह न्यायिक समीक्षा के अंदर होगा

97. वाक्यांश "विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया-
a) न्यायिक समीक्षा के संबंध में न्यायालयों के हाथों में असीमित शक्तियां देता है।
b) न्यायिक समीक्षा के विषय में भारतीय न्यायालयों को अधिकार देता है तथा न्यायालय किसी कानून की न्यायसंगतता के प्रश्न पर विचार कर सकते हैं
c) न्यायिक समीक्षा के विषय में भारतीय न्यायालयों के अधिकार को सीमित करता है तथा न्यायालय किसी कानून की न्यायसंगतता के प्रश्न पर विचार नहीं कर सकते हैं।
d) उपरोक्त में से कोई भी सही नहीं है

98. केशवानंद भारतीवाद में मौलिक अधिकारों को संशोधित करने के संसद के अधिकार से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय का प्रमुख निर्णय क्या था?
a) सर्वोच्च न्यायालय ने मौलिक अधिकारों को संशोधित करने के संसद के अधिकार को वापस ले लिया
b) सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि संसद को मौलिक अधिकारों में संशोधन करने का अधिकार नहीं है।
c) सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के भाग-III सहित किसी भी भाग में संशोधन करने के संसद के अधिकार का अनुमोदन किया परंतु इसने यह भी घोषणा की कि संसद को संविधान की आधारभूत संरचना को संशोधित करने का अधिकार नहीं है
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

99. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
a) भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को किसी भी परिस्थिति में स्थगित नहीं किया जा सकता है।
b) भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को संसद के द्वारा दो-तिहाई बहुमत से स्थगित नहीं किया जा सकता है
c) भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को राष्ट्रीय आपात्काल के दौरान राष्ट्रपति के द्वारा स्थगित किया जा सकता है।
d) भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को राष्ट्रीय आपात्काल तथा किसी राज्य में संवैधानिक मशीनरी के ध्वस्त हो जाने के कारण उत्पन्न आपात्काल के दौरान, राष्ट्रपति के द्वारा स्थगित नहीं किया जा सकता है

100. युद्ध या बाह्य आक्रमण के आधार पर आपात्काल की घोषणा की स्थिति में-
a) सभी मौलिक अधिकार स्वत: ही स्थगित हो जाएंगे
b) किसी मौलिक अधिकार को लागू करने के लिए न्यायालय जाने का अधिकार स्थगित हो जाता है
c) राष्ट्रपति अनुच्छेद 20-21 को छोड़कर अन्य मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन को स्थगित करने का आदेश दे सकता है।
d) संसद सभी मौलिक अधिकारों के स्थगन को प्राधिकृत कर सकता है।

101. वित्त आयोग के संबंध में सही कथन हैं-
1. इसे भारतीय वित्तीय संघवाद के संतोलक चक्र के रूप में कार्य करना है।
2. इसमें एक अध्यक्ष तथा तीन अन्य सदस्य होते हैं
3. आयोग के सदस्यों की अर्हता का निर्धारण राष्ट्रपति के द्वारा होता है
4. इसका गठन अनुच्छेद- 280 के प्रावधानों के अंतर्गत होता है

**कूट-**
a) 2, 3 और 4 b) 2 और 3
c) 1 और 4 d) 1, 2 और 3

102. भारत के संविधान के आधारभूत संरचना सिद्धांत का अर्थ है-
a) संविधान की कुछ विशेषताएं इतनी अत्यावश्यक हैं कि उन्हें निरसित नहीं किया जा सकता है
b) मौलिक अधिकारों को न तो संक्षिप्त किया जा सकता है और न ही हटाया जा सकता है
c) संविधान को अनुच्छेद 368 में बताई गई प्रक्रिया के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार से संशोधित नहीं किया जा सकता है।
d) प्रस्तावना को संशोधित नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह संविधान का भाग नहीं है, परंतु साथ ही इसकी वास्तविक आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है।

103. निम्नलिखित में से किन विषयों पर कानून प्रस्तावित करने के लिए राष्ट्रपति की पूर्वानुमति की आवश्यकता पड़ती है?
1. धन विधेयक
2. कराधान, जिसमें राज्यों की भी रूचि हो, को प्रभावित करने वाला विधेयक
3. व्यापार की स्वतंत्रता पर रोक लगाने वाले राज्यों के विधेयक

**कूट-**
a) 1, 2 और 3
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) 1 और 2

104. राष्ट्रपति प्रधानमंत्री के रूप में चुनता है-
1. लोकसभा में बहुमत दल के नेता को
2. अपनी इच्छा से किसी भी व्यक्ति को
3. ऐसा व्यक्ति जो लोकसभा में बहुमत का विश्वास प्राप्त करने की स्थिति में हो
4. लोकसभा या राज्यसभा में अधिकतम सीट प्राप्त दल का नेता

**कूट-**
a) केवल 1 b) 1 और 3
c) 2 और 4 d) 1, 3 और 4

105. निम्नलिखित में से किन्हें राष्ट्रपति के द्वारा नियुक्त किया जाता है?
1. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
2. संघ शासित क्षेत्रों के उपराज्यपाल
3. उपराष्ट्रपति
4. मुख्य चुनाव आयुक्त

**कूट-**
a) 1, 2 और 3 b) 2, 3 और 4
c) 1, 2 और 4 d) 2 और 4

106. भारत के महान्यायवादी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही है?
1. वह कैबिनेट का सदस्य नहीं होता है।
2. उसे संसद के सदनों में बोलने का अधिकार होता है।
3. उसे संसद में मत देने का अधिकार होता है।
4. उसके पास वही अर्हताएं होनी चाहिए जो सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने के लिए आवश्यक होती हैं

**कूट-**
a) 1, 2 और 4 b) 2 और 4
c) उपरोक्त सभी d) 1 और 2

107. निम्नलिखित में से किस आपात्काल की घोषणा राष्ट्रपति के द्वारा स्वयं की जा सकती है?
1. सशस्त्र विद्रोह के आधार पर आपात्काल
2. वित्तीय आपातकाल
3. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन

**कूट-**
a) केवल 1 b) केवल 3
c) उपरोक्त सभी d) उपरोक्त में से कोई नहीं

108. जब राज्यसभा का सभापति राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है तब सभापति के कर्तव्यों का निर्वहन किया जाता है-
a) स्वयं उसी के द्वारा
b) एक नए चुने गए सभापति के द्वारा
c) उपसभापति के द्वारा
d) राज्यसभा के किसी सदस्य के द्वारा जिसे सभापति द्वारा प्रतिनियुक्त किया गया हो

109. सैद्धांतिक रूप से प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपने पद पर रहता है परंतु वास्तव में वह तब तक अपने पद पर रहता है जब तक उसे विश्वास प्राप्त है-
a) निर्वाचक-गण का
b) लोकसभा का
c) अपने राजनीतिक दल का
d) संसद का

110. संसद राज्य सूची के विषय पर कानून बना सकती है-
a) यदि राष्ट्रपति ऐसा करने के लिए आदेश जारी कर उसे इसके लिए प्राधिकृत करता है।
b) यदि भारत का सर्वोच्च न्यायालय भारत की संसद को इस संबंध में प्राधिकृत करता है
c) यदि राज्यसभा अपने सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से एक प्रस्ताव पारित कर यह घोषणा करती है कि राज्य के किसी विषय पर संसद द्वारा कानून बनाना राष्ट्रीय हित में है
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

111. मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी प्रकार अपने पद से हटाया जा सकता है, जिस प्रकार हटाया जा सकता है-
a) उपराष्ट्रपति को
b) लोकसभा अध्यक्ष को
c) राज्यपाल को
d) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को

112. राष्ट्रपति राज्यों में संवैधानिक मशीनरी के ध्वस्त होने के आधार पर आपात्काल की घोषणा कर सकता है-
a) केवल उस राज्य के राज्यपाल से इस आशय की रिपोर्ट प्राप्त होने पर
b) राज्यपाल से इस आशय की रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने पर भी यदि वह आश्वस्त है कि ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें उस राज्य का शासन संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है
c) यदि राज्य की मंत्रिपरिषद राष्ट्रपति से ऐसी सिफारिश करे
d) यदि राज्य की विधानसभा का अध्यक्ष राष्ट्रपति से ऐसी सिफारिश करे

113. राज्यपाल के पद के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी अर्हताएं सही हैं?
1. उसे भारत का नागरिक होना चाहिए
2. उसकी आयु 30 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए
3. उसे संसद के किसी सदन या राज्य विधायिका का सदस्य नहीं होना चाहिए
4. उसे अन्य किसी भी लाभ के पद पर नहीं होना चाहिए

**कूट-**
a) उपरोक्त सभी b) 1, 2 और 4
c) 1 और 4 d) 1, 3 और 4

114. भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
a) राज्यों की सीमाओं में कोई क्षेत्रीय परिवर्तन नहीं किए जा सकते
b) राज्यों की सीमाओं में क्षेत्रीय परिवर्तन राज्यों के बहुमत की सहमति से किए जा सकते हैं
c) संसद द्वारा क्षेत्रीय परिवर्तन, राज्य विधायिकाओं के बहुमत की सहमति मिल जाने के बाद किये जा सकते हैं
d) संसद के द्वारा राज्य की सीमाओं में क्षेत्रीय परिवर्तन किए जा सकते हैं

115. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की निम्नलिखित शक्तियों में से कौन-से सही है?
1. यह उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है
2. यह एक अभिलेख न्यायालय है तथा इसके पास ऐसे न्यायालय की सभी शक्तियां हैं
3. सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय भारत के संपूर्ण राज्य क्षेत्र में लागू होते हैं
4. राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित सभी विवादों का निपटारा सर्वोच्च न्यायालय करता है

**कूट-**
a) उपरोक्त सभी b) 2, 3 और 4
c) केवल 3 और 4 d) केवल 2 और 4

116. वन अधिकार अधिनियम, 2005 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
1. यह केवल अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों की रक्षा करता है।
2. यह अधिनियम लघु वन्य उत्पादों के स्वामित्व का अधिकार, एकत्र करने के मार्ग, प्रयोग तथा उन्हें निपटाने के अधिकार को मान्यता देता है।
3. अधिनियम के अंतर्गत प्रदान किए गए अधिकार देने योग्य, अन्यसंक्राम्य तथा स्थानांतरण योग्य हैं।
4. अधिनियम के अनुसार, ग्राम सभा को व्यक्तिगत या सामुदायिक वन्य अधिकारों की प्रकृति तथा विस्तार को निर्धारित करने की प्रक्रिया को आरंभ करने के लिए एक सक्षम प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

**कूट-**
a) 1 और 3 b) 2 और 4
c) 1 और 4 d) उपरोक्त में से कोई नहीं

117. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के अंतर्गत निम्न में से कौन-सा प्रावधान है?
1. विश्राम तथा मनोरंजन का अधिकार
2. राष्ट्रीयता का अधिकार
3. सुरक्षित मातृत्व तथा बचपन का अधिकार
4. अविकसित जोड़ों से उत्पन्न सभी बच्चे इन अधिकारों से वंचित रहेंगे।

**कूट-**
a) केवल 1, 2 और 4 b) केवल 2, 3 और 4
c) केवल 1, 2 और 3 d) उपरोक्त सभी

118. भारत में वरिष्ठ नागरिकों को निम्नलिखित में से कौन-से लाभ प्राप्त हैं?
1. रेलवे के किराए में छूट
2. न्यायपालिका वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित केसों को वरीयता देती है तथा ऐसे केसों का तीव्र निपटान सुनिश्चित करती है
3. सामान्य श्रेणी के ऊपर आयकर में छूट
4. बचत योजनाओं पर ब्याज की उच्च दरें

**कूट-**
a) 1 और 3 b) 1 और 4
c) 2 और 3 d) उपरोक्त सभी

119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. निजता का अधिकार विधेयक भारत के नागरिकों को ऐसा अधिकार प्रदान करेगा तथा उनकी निजी सूचनाओं के एकत्रण, उनका अनुरक्षण, प्रयोग तथा प्रसार का विनियमन करेगा।
2. परंतु विधेयक में ऐसे अधिकारों के हनन के लिए किसी सजा का प्रावधान नहीं है।

**कूट-**
a) केवल 1 b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों d) न तो 1 न ही 2

120. राष्ट्रीय विकास परिषद के कार्यों में शामिल हैं-
1. योजना आयोग द्वारा निर्मित राष्ट्रीय योजना पर विचार करना।
2. योजना के कार्यान्वयन में राज्यों का सहयोग प्राप्त करना
3. समय-समय पर योजना के संचालन की समीक्षा करना
4. विकास को प्रभावित करने वाले सामाजिक तथा आर्थिक नीति के प्रश्नों पर विचार करना

**कूट-**
a) 1, 2 और 3 b) 2 और 3
c) 1, 3 और 4 d) 2 और 4